महत्वपूर्ण एवं खास

पेंट प्लांट में लगी भीषण आग से मचा हड़कंप

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी से लगे तिल्दा नेवरा के बरतोरी पेंट प्लांट में शनिवार को भीषण आग लग गई। प्लांट में रुक-रुक कर ब्लास्ट हो रहा है। इससे आसपास के लोग सहमें हुए हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार तडक़े बरतोरी स्थित संजय केमिकल पेंट प्लांट में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज हैं कि, पूरा प्लांट इसकी चपेट में आ गया। तिल्दा एसडीएम, थाना प्रभारी सहित नेवरा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई है। आग बुझने का प्रयास किया जा रहा है। रुक-रुक कर ब्लास्ट होने के कारण लोग सहमे हुए हैं। फिलहाल आग लगने का कारण सामने नहीं आया है। वहीं थिनर से लोड टैंकर में कभी भी ब्लास्ट होने की संभावना है।

पार्किंग विवाद पर दो पक्षों में जमकर मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। पार्किंग को लेकर अवंती विहार में देर रात जमकर बवाल हुआ, जिसमें दो पक्षों के बीच सुबह चार बजे तक लाठी-डंडे चले. घटना की सूचना मिलने पर विधानसभा थाना सीएसपी के साथ कई थानों के प्रभारी मौके पर पहुंच गए थे. घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की है. अवंती विहार में पार्किंग विवाद पर चार युवकों ने मिलकर पहले युवक का सिर फोड़ दिया, फिर जख्म में लाल मिर्च पाउडर डाल दिया. जानकारी मिलने पर युवक के पक्ष के 40-50 लोग मौके पर पहुंचे, जिनसे बचने के लिए आरोपी घर में घुस गए. इसके बाद शुरू हुआ हंगामा सुबह लगभग चार बजे तक चला।

सेक्स चैट कर बुरा फंसा रिटायर्ड प्रोफेसर

बलौदाबाजार (आरएनएस)। बलौदाबाजार जिले में अंजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए रिटायर्ड प्रोफेसर को सेक्स चैट में फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है. आरोपी ने वीडियो रिकॉर्ड कर बदनाम करने और कानूनी कार्रवाई में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम की उगाही कर ली. इस मामले में पीड़ित सेवानिवृत प्रोफेसर ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. कोतवाली थाना क्षेत्र के सेवानिवृत प्रोफेसर लोकनाथ ध्रुव ने अपनी शिकायत में बताया है कि उसे अंजान नंबर से वीडियो कॉल आया, जिसमें उसे सेक्स चैट में फंसाया गया. कॉल रिकॉर्डिंग के जरिए आरोपी ने ब्लैकमेल कर 6.83 लाख रुपए वसूल लिए. पीड़ित रिटायर्ड प्रोफेसर ने लोगों से अपील की है कि इस तरह का कोई लिंक या काल आए तो उसका उपयोग न करें. सीधे पुलिस थाने में सूचना दें।

धर्मांतरित महिला के शव दफनाने को लेकर दो पक्षों में जमकर बवाल

जगदलपुर-बलौदाबाजार (आरएनएस)। बस्तर में एक बार फिर शव दफनाने के नाम पर दो पक्षों के बीच बवाल मच गया है. मामला बेलर गांव का है, जहां धर्मांतरित महिला के शव को दफनाने को लेकर हुए सिर फुटौव्वल में 11 लोग घायल हो गए.जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मामले में 21 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार किया है. वहीं घटना के बाद से तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

रायपुर ईडी दफ्तर में पदस्थ किया गया संयुक्त निदेशक

रायपुर (आरएनएस)। ईडी ने नई नियुक्तियां की हैं। इसके तहत नए सेटअप को मंजूरी देते हुए अपने मुख्यालय और देशभर के जोनल, सब जोनल ऑफिस में पोस्टिंग की जा रही है। इसी कड़ी में रायपुर का सब जोनल आफिस अब पूर्ण कालिक जोनल आफिस में प्रोन्नत करते हुए यहां संयुक्त निदेशक पदस्थ कर दिया गया है। ईडी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ईडी छत्तीसगढ़ जोन रायपुर के पहले संयुक्त निदेशक (जेडीई) प्रभाकर प्रभात होंगे। उनकी नियुक्ति 12अन्य जेडी के साथ हुई। इनके अलावा देश भर के लिए 7अतिरिक्त निदेशक (एडी)भी नियुक्त किए गए हैं।

गणतंत्र दिवस पर कबीरधाम में पदस्थ महिला उप पुलिस अधीक्षक सहित दो अधिकारियों को वीरता पदक से किया गया सम्मानित

- उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) अंजू कुमारी और थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा को गणतंत्र दिवस पर पुलिस वीरता पदक मिला
- उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) अंजू कुमारी नक्सल मोर्चे पर पहली महिला अधिकारी बनीं जिन्हें वीरता पदक मिला
- थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा ने दरभा क्षेत्र में एक महिला नक्सली को ढेर किया
- पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल और कबीरधाम पुलिस बल ने इन अधिकारियों की वीरता को सराहा

रायपुर । आरएनएस

गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) अंजू कुमारी और थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा को उनके साहस, उत्कृष्ट नेतृत्व और नक्सल उन्मूलन अभियान में उनके असाधारण योगदान के लिए देश के सर्वोच्च पुलिस वीरता पदक से सम्मानित किया गया।

श्रीमती अंजू कुमारी ने नक्सल मोर्चे पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की पुलिस सेवा में एक नई मिसाल कायम की है। वे नक्सल मोर्चे पर शामिल होने वाली पहली महिला राजपत्रित अधिकारी हैं, जिन्हें वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि पुलिस सेवा में महिलाओं की शक्ति और साहस को भी उजागर करती है। उनकी विशेष तैनाती के दौरान दंतेवाड़ा जिले के थाना अरनपुर क्षेत्र के ग्राम नहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ एक निर्णायक मुठभेड़ में उन्होंने बेहतरीन नेतृत्व का प्रदर्शन किया। इस अभियान में उनकी टीम ने दो कुख्यात महिला नक्सलियों को मार गिराया और बड़ी मात्रा में हथियार, विस्फोटक सामग्री और अन्य नक्सली उपकरण बरामद किए। यह सफलता इस क्षेत्र में शांति की स्थापना में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। निरीक्षक लालजी सिन्हा ने भी बस्तर क्षेत्र में अपनी साहसिक कार्यवाहियों से नक्सल गतिविधियों को कमजोर किया और क्षेत्र में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 17-18 जून 2021 को दरभा क्षेत्र में उनके नेतृत्व में नक्सल गश्त के दौरान हुई मुठभेड़ में उनकी टीम ने एक महिला नक्सली को मार गिराया और एक ्र्य-47 राइफल सहित कई अन्य हथियार बरामद किए। उनकी निडरता और समर्पण से नक्सलवाद को कमजोर किया गया और क्षेत्र में सुरक्षा बहाल हुई। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने इन दोनों अधिकारियों की बहादुरी और समर्पण को सराहा और उन्हें वीरता पदक मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों की निडरता और कठिन परिस्थितियों में उनके द्वारा किए गए असाधारण कार्य अन्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल ने भी इन अधिकारियों की वीरता को सराहा और उन्हें बधाई दी। साथ ही समस्त कबीरधाम पुलिस बल ने इन अधिकारियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उनकी वीरता को सलाम किया।

शराब रेड : जूटमिल पुलिस की तीन स्थानों पर छापेमारी में चार आरोपी गिरफ्तार, बीयर, महुआ शराब और स्कूटी जब्त

रायगढ़

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। कल जूटमिल पुलिस ने टीआई मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में ग्राम गढ़उमरिया, तरकेला और बाजीराव महरापारा में छापेमारी कर अवैध शराब के तीन अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बाजीराव महरापारा की कार्रवाई:

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गंधरी पुलिया के पास नाकाबंदी की। इस दौरान होंडा एक्टिवा (क्रमांक

CG 13 AH 6122) में शराब तस्करी करते वसीम अली (22 वर्ष, निवासी मौदहापारा, रायगढ़) और रवि बरेठ (23 वर्ष, निवासी सोनमुडा, रायगढ़) को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपियों ने तस्करी की बात स्वीकार की। उनके पास से 23 बोतल सिम्बा बीयर (14.950 लीटर, कीमत 5,060 रुपये) और घटना में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त की गई। दोनों आरोपियों पर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

तरकेला की कार्रवाई:

गांव में छापेमारी के दौरान आरोपी संतोष सिदार (44 वर्ष) के पास से अवैध बिक्री के लिए रखी गई 2 लीटर महुआ शराब बरामद की गई।

गढ़उमरिया की कार्रवाई:

गांव के उरांवपारा में आरोपी किशोर कुमार मिंज (38 वर्ष) के कब्जे से 4 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। तरकेला और गढ़उमरिया के आरोपियों पर धारा 34(1-क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

टीआई मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में इन कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी, राजेंद्र पटेल, प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, और आरक्षक तरुण महिलाने, धनेश्वर उरांव, सुशील यादव, नरेश रजक, तथा वेद प्रकाश पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जूटमिल पुलिस की यह सक्रियता अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त संदेश दे रही है।

महापल्ली में चक्रधरनगर पुलिस की शराब रेड कार्यवाई : ओडिसा ब्रांड के बीयर, अवैश शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायगढ़

जिले में अवैध शराब पर जारी अभियान में चक्रधरनगर पुलिस ने कल 24 जनवरी 2025 को भी कार्रवाई जारी रखा गया। पुलिस टीम ने ग्राम महापल्ली में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीआई प्रशांत राव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महापल्ली स्टेडियम के पास रहने वाला परमेश्वर सतनामी उर्फ बिट्टू अपने घर के सामने बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब, उड़ीसा ब्रांड की अंग्रेजी शराब और बीयर बेचने के लिए जमा किए हुए है।

सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने महापल्ली पहुंचकर छापेमारी की। आरोपी परमेश्वर सतनामी (उर्फ बिट्टू) घर के बाहर मिला। पूछताछ में उसने अवैध शराब रखने और बेचने की बात कबूल की। पुलिस ने मौके से 15 पाव देशी प्लेन शराब, 5 बीयर (उड़ीसा ब्रांड), 2 लीटर महुआ शराब शराब की कुल कीमत करीब 3,860 रुपये है जिसे जब्त किए।

आरोपी परमेश्वर सतनामी (28 वर्ष) के खिलाफ चक्रधरनगर थाने में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, समुंद रनकर और आरक्षक रंजीत भगत की प्रमुख भूमिका रही।

आदिवासी बाहुल्य बस्तर में कथा सुनाएंगे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

- वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बागेश्वरधाम सरकार से लिया आशीर्वाद

रायपुर । आरएनएस



मंत्री ओपी चौधरी ने धीरेंद्र शास्त्री से आशीर्वाद लिया. रायपुर स्थित उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के बंगला में आयोजित कार्यक्रम में पंडित धीरेंद्र शास्त्री शामिल हुए. उन्होंने कहा, धर्मांतरण के खिलाफ छत्तीसगढ़ में पदयात्रा करेंगे. नक्सल क्षेत्र बस्तर में कथा भी करेंगे. यहां शांति स्थापित करने हिंदू विचारधारा के लिए लोगों को जागरूक करेंगे. पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, अभी 19 जनवरी को आदिवासी जनजागरण कार्यक्रम किया गया. इस कार्यक्रम का यही उद्देश्य था कि गांव-गांव, मोहल्ला-मोहल्ला में बागेश्वर मंडल बनाएंगे, जो हनुमान चालीसा का पाठ कराएगा और धर्मांतरण को रोकेगा. जो हमको दान में दिया जाएगा उस दान की राशि से हम गरीब बेटियों का घर बसाएंगे. मंत्री ओपी चौधरी का पोस्ट - कल बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास पर सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ।

धरमजयगढ़ और पुसौर में अवैध शराब पर कार्यवाई: अवैध शराब के दो गिरफ्तार

रायगढ़

25 जनवरी 2025 को, धरमजयगढ़ और पुसौर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध शराब के दो मामलों का भंडाफोड़ किया।

धरमजयगढ़ की कार्रवाई:

थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम सिथरा और चैनपुर क्षेत्र में माइनर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम कुकरीखोर्रो सिथरा में संतोषी खुंटे (42 वर्ष) के घर पर छापा मारा। आरोपिया के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब (कीमत 1,500 रुपये) और शराब बिक्री की 150 रुपये नकद बरामद की गई। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में जब्ती प्रक्रिया पूरी कर आरोपिया के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

थाना प्रभारी ने क्षेत्र के ग्रामीणों को चेतावनी दी है कि यदि अवैध शराब बनाने या बेचने का प्रयास किया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुसौर की कार्रवाई:

पुसौर पुलिस ने ग्राम नंदेली में छापेमारी कर भानुप्रताप उर्फ मोटू निषाद (29 वर्ष) को 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर आरोपी के घर के सामने बनी टपरी में छापा मारा गया। पूछताछ में भानुप्रताप ने अवैध शराब बिक्री की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

इन कार्रवाइयों से पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है और कार्रवाई की इस कड़ी को आगे भी जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।

एसपी के समक्ष 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नारायणपुर-रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और पुलिस के नक्सल उन्मूलन अभियान से प्रभावित होकर नारायणपुर जिले में 9 नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में डीकेएमएस अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कई जनमिलिशिया सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने बताया कि उन्हें नक्सल संगठन के विचारों से मोहभंग हो गया था। संगठन में शोषण और क्रूर व्यवहार से परेशान होकर उन्होंने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति ने उन्हें नई उम्मीद दी है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास योजना के तहत सभी सुविधाएं दी जाएंगी। साथ ही उन्होंने नक्सल संगठन के अन्य सदस्यों से अपील की कि वे भी भयमुक्त होकर आत्मसमर्पण करें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की सूची:-

सन्तु राम वड़दा (डीकेएमएस अध्यक्ष)

मासा उर्फ थर्रो वड़दा (डीकेएमएस उपाध्यक्ष)

पुनउ राम वड़दा (मिलिशिया सदस्य)

रमेश वड़दा (मिलिशिया सदस्य)

अजय कुमार ध्रुव (मिलिशिया सदस्य)

सुदील कुमार कुमेटी (मिलिशिया सदस्य)

अनिल वड़दा (1 लाख इनामी मिलिशिया सदस्य)

करवे वड़दा (डीकेएमएस सदस्य)

आयतु उसेण्डी (मिलिशिया सदस्य)

वेदांता के प्रोजेक्ट पंछी से लड़कियां बनेगी आत्मनिर्भर

कोरबा-बालकोनगर । आरएनएस

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वेदांता के प्रोजेक्ट पंछी की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से पीछे रह गई लड़कियों के जीवन में बदलाव लाना है। यह परियोजना वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल की समाज को वापस देने की सोच को साकार करते हुए, लड़कियों को प्रगति के नए अवसर प्रदान कर रहा है। इस परियोजना से लड़कियां आर्थिक एवं सामाजिक बाधाओं को पार कर अपनी शिक्षा पूरी करने तथा स्थायी आजीविका हासिल करने में सफल होंगी।

पंछी परियोजना' के अंतर्गत बालको द्वारा चयनित छत्तीसगढ़ की बेटियों को उचित शिक्षा दिलाने तथा उच्च औद्योगिक उपक्रम में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ के आवासीय परिसर में रहकर 76 लड़कियां 4 साल के स्नातक में अपनी शिक्षा पूरी कर रही हैं। इस कदम से उन बेटियों को नया कर दिखाने का हौसला मिलेगा जिनकी प्रगति की उड़ान पूरी तरह से थम चुकी थी। 'पंछी परियोजना' की मदद से ये लड़किया विकास की मुख्यधारा से जुड़ कर दुनिया को यह दिखा सकेंगी कि अगर जज्बे को सही प्रेरणा मिल जाए तो आकाश की ऊंचाइयां इनके मजबूत इरादों के पंखों से जीती जा सकती हैं।

प्रोजेक्ट पंछी लड़कियों को शिक्षा और विकास के सर्वोत्तम अवसर प्रदान करने के साथ आर्थिक परिस्थितियों के कारण टूटे सपने को पूरा कर रहा है। कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि इससे बेटियां सशक्त होंगी और समाज को आगे लेकर जाएंगी। बालको द्वारा सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित किया गया है। वेदांता ने प्रत्येक स्थान पर विशेष चयन प्रक्रिया लागू की है। चयनित होने के बाद इन बेटियों को ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों से उच्च शिक्षा दिया जा रहा है। शिक्षा पूरी होने के बाद औपचारिक रूप से मुख्य संचालन में शामिल किया जाएगा। प्रोजेक्ट पंछी वेदांता कंपनी के अन्य व्यावसायिक स्थानों जैसे, ओडिशा के लांजीगढ़, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ में भी चल रहा है।

बालको के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि वेदांता समूह ने स्वावलंबन के क्षेत्र में 'पंछी' परियोजना से अनूठी शुरुआत की है, जो बेटियों को उनके अधूरे सपनों को साकार करने का रास्ता दिखाएगी। वेदांता समूह ने सामुदायिक विकास कार्यों के जरिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस परियोजना से हम एक उज्जवल भविष्य की तैयारी कर रहे हैं, जहां ये सशक्त बेटियां अपने जीवन और आसपास के समाज को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में वेदांता प्रतिभाओं की तलाश करने और उन्हें देश के विकास में योगदान के लिए तैयार करने की दिशा में कटिबद्ध है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU